झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | **अष्टम् (बजट) सत्र**

संख्या-08 | **शनिवार, दिनांक-28 जनवरी, 2017 ई०।**

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.10 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1.प्रश्नकालः-

आज के लिए निर्धारित अल्प सूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

अल्प सूचित प्रश्नों की कुल संख्या-07

(i) उत्तरित मात्र-01 अ०सू०-67, श्री प्रदीप यादव, स०वि०स०।

(ii) अनागत कुल-06 अ०सू०-68 से 73 तक।

प्रश्नोत्तर काल के दरम्यान ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सर्वश्री जगरनाथ महतो, दीपक बिरूवा, जय प्रकाश भाई पटेल, योगेन्द्र प्रसाद एवं अन्य स्लोगनयुक्त अंगवस्त्र पहनकर अपने हाथों में पोस्टर लिये हुए पूर्व दिनों की भाँति CNT, SPT ACT में हुए संशोधन को वापस लेने की माँग को लेकर सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे, इसपर आसन द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। माननीय सदस्या, श्रीमती निर्मला देवी भी अपने स्थान से कुछ बोल रही थी जो भारी शोरगुल के कारण स्पष्ट सुनाई नहीं दे रहा था। सत्तापक्ष के माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण एवं श्री निर्भय कुमार शाहाबादी भी विपक्ष के रवैये पर नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। इस क्रम में भारी शोरगुल के कारण अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही- **11.17 बजे पूर्वा० से 12.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।**

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

2.समितियों का गठनः-

झारखण्ड विधान सभा में वित्तीय समितियों के गठन हेतु माननीय अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा को अधिकृत किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा प्रस्तुत किया गया जो सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ।

3.सभा मेज पर कागजात का रखा जानाः-

संसदीय कार्य विभाग के प्रभारी मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा झारखण्ड विधान सभा सचिवालय (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्ते) संशोधन नियमावली, 2017 की एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

4.विविध चर्चायेंः-

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने दिनांक-20.01.2017 को माननीय अध्यक्ष महोदय के कार्यालय कक्ष में हुई बैठक का स्मरण दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि चार विधायकों का निलंबन वापस किया जाय,

(शोरगुल)

ii- माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल ने विधायक मद की राशि दस करोड़ रु. किये जाने हेतु आसन से आग्रह किया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही सहित अन्य माननीय सदस्यों ने भी किया। आसन द्वारा संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री एवं ग्रामीण विकास के माननीय मंत्री से अनुरोध किया गया कि वे इस मुद्दे पर माननीय मुख्यमंत्री से वार्त्ता कर वस्तुस्थिति से सदन को अवगत करायें। माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा इसे संज्ञान में लिया गया।

उक्त अवसर पर पूर्व की भाँति झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अधिकांशतः माननीय सदस्य पोस्टर लेकर शनैः शनैः सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे, अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.43 बजे अप० से भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर पूर्व की माँगों को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कतिपय माननीय सदस्य सदन की वेल में धरने पर बैठ गये। माननीय सदस्या, श्रीमती निर्मला देवी एवं माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा पूर्व माननीय मंत्री, श्री योगेन्द्र साव पर सी.सी.ए. एक्ट लगाये जाने पर आपत्ति दर्ज की गयी तथा आसन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया कि इसपर पुनर्विचार हो।)

5. वित्तीय कार्य:-

वित्तीय वर्ष-2017-18 के आय-व्ययक पर दिनांक-24.01.2017 से जारी सामान्य वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री अनन्त कुमार ओझा,

(इस क्रम में सदन में आकर माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश भाई पटेल के सीधे वेल में धरने पर बैठे जाने पर आसन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री मनीष जयसवाल द्वारा पुनः विधायक मद की राशि दस करोड़ रु. किये जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री से सदन में घोषणा करवाये जाने की माँग आसन से की गयी। माननीय सदस्य, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, श्री प्रदीप यादव, श्रीमती विमला प्रधान, श्री अशोक कुमार, श्री प्रदीप यादव एवं श्री जानकी प्रसाद यादव ने राज्य के कस्तुरबा विद्यालयों में व्याप्त त्रुटियों की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। अधिकांशतः माननीय सदस्यों ने कस्तुरबा विद्यालय के अध्यक्ष पद पर स्थानीय विधायकों के मनोयन हेतु भी अनुरोध किया गया।)

श्री सुखदेव भगत,

(इस अवसर पर माननीय सदस्या श्रीमती निर्मला देवी अपनी माँगों के समर्थन में सदन में आकर धरने पर बैठ गयीं।)

श्री बिरंची नारायण,

श्री शिवशंकर उराँव,

श्री अरुप चटर्जी,

श्री राज कुमार यादव एवं

श्री भानू प्रताप शाही।

वाद-विवादोपरांत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वक्तव्य दिया गया।

(इस अवसर पर कॉंग्रेस पार्टी के श्रीमती निर्मला देवी सहित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सभी माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

इस क्रम में आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि दिनांक-30 एवं 31 जनवरी और 02 फरवरी, 2017 को झारखण्ड विधान सभा परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन होगा जिसमें सभी माननीय सदस्य अपनी इच्छानुसार जाँच करा सकेंगे।

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही सोमवार, दिनांक-30.01.2017 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राँची,

दिनांक- 28 जनवरी, 2017 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—